प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

27 दिसंबर 2021

आरबीएल बैंक लिमिटेड संबंधी विवरण

कुछ तिमाहियों में आरबीएल बैंक लिमिटेड से संबंधित अटकलें लगाई गई हैं जो कि बैंक के आसपास की हालिया घटनाओं से उत्पन्न हुई प्रतीत होती हैं।

रिज़र्व बैंक यह बताना चाहेगा कि बैंक अच्छी तरह से पूंजीकृत है और बैंक की वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। 30 सितंबर 2021 को अर्ध-वार्षिक लेखापरीक्षा परिणामों के अनुसार, बैंक ने 16.33 प्रतिशत का पर्याप्त पूंजी पर्याप्तता अनुपात और 76.6 प्रतिशत का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है। 24 दिसंबर 2021 को बैंक का चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर), 100 प्रतिशत की नियामक आवश्यकता की तुलना में 153 प्रतिशत है।

इसके अलावा, यह स्पष्ट किया जाता है कि जब कभी भी यह महसूस किया जाता है कि निजी बैंकों में बोर्ड को नियामक/ पर्यवेक्षी मामलों में गहन सहायता की आवश्यकता है तब निजी बैंकों में अतिरिक्त निदेशक/ निदेशकों की नियुक्ति बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36 ए बी के तहत की जाती है।

अतएव, जमाकर्ताओं और अन्य हितधारकों को काल्पनिक रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1422